INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	Department: Hindi	
Worksheet No: 23	Topic: Dialogue writing	Note: Pl. file in portfolio

विषय - संवाद लेखन

प्रश्न -1- अध्यापक/अध्यापिका तथा छात्रों के बीच में संवाद लिखिए |

अथवा

डॉक्टर तथा रोगी के बीच में संवाद लिखिए |

प्रश्न - 2 - डॉक्टर तथा रोगी के बीच में संवाद लिखिए ।

(माता-पिता अपने बच्चे को लेकर डॉक्टर के पास जाते हैं । उसको पेट में बहुत दर्द हो रहा है और बुखार भी है । पर्चा ले कर डॉक्टर से मिलते हैं)

माता-पिता - डॉक्टर साहब क्या हम अंदर आ सकते हैं।
डॉक्टर – जी आईए।
(बच्चा दर्द से कराह रहा है)
माता- डॉक्टर साहब यह हमारा बेटा रोहन है। कल मित्र की जन्मदिन की पार्टी में गया था। रात को इसके पेट में दर्द होने लगा। मैंने गर्म पानी के साथ चूर्ण, हींग आदि सब दिए,पर इसे आराम नहीं मिला और बुखार भी लग रहा है।
डॉक्टर - ठीक है।
(डॉक्टर-रोहन से)बेटा रोहन आपने अपने मित्र के जन्मदिन की पार्टी में क्या-क्या खाया था?
रोहन- डॉक्टर अंकल मैंने वहाँ कोल्ड-ड्रिंक,पिज़्ज़ा, फ्रेंच-फ्राइज और बर्गर आदि खाए थे ?
(डॉक्टर- माता-पिता से) तो जंक फूड खाने के कारण इसके पेट में इंफेक्शन हो गई है। मैं कुछ दवाइयाँ लिख रहा हूँ -चार-चार घंटे के बाद गर्म पानी के साथ इसको खिला देना।दो-तीन दिन में ठीक हो जाएगा।
(डॉक्टर) - रोहन तुम्हें जंक फूड नहीं खाना चाहिए। जंक फूड खाने से अनेक बीमारियाँ हो जाती हैं।
रोहन - समझ गया,डॉक्टर अंकल अब मैं जंक फूड नहीं खाऊँगा ।
माता-पिता - डॉक्टर साहब धन्यवाद।
डॉक्टर - धन्यवाद।

****